राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द—ये १८८०—१८९६ तक के काल में थे। इन्होंने प्रथम बनारस से, बनारस अखबार निकाला और बाद में वे शिक्षा विभाग में इंस्पेक्टर हो गये, तो इन्होंने छोटी मोटी स्कूल की पाठ्य पुस्तकें लिखीं। इनकी भाषा शुद्ध [illegible] संस्कृत गर्भित [illegible] का सरल मिश्र के सदृश थी [illegible] इनका मन बदल गया और ये [illegible] ऐसी भाषा के पक्ष [illegible] [illegible] कारसी के [illegible] शब्दों [illegible] [illegible] भाषा के [illegible] और ऐसी इन्होंने [illegible] इन्होंने ऐसा कि इन्होंने [illegible] दोनों का एक ऐसा ही [illegible] [illegible] अब आप अपना [illegible] [illegible] राजा का [illegible] [illegible] हिन्दुस्तानी के [illegible] [illegible] समय के [illegible] [illegible] [illegible] इनकी भाषा [illegible] [illegible] हो और बताया। इनकी [illegible] [illegible] इन शब्दों को

हिन्दी इस देश के हिन्दू बोलते हैं और उर्दू यहां के मुसलमान और फारसी पढ़े लिखों की बोल-चाल है। हिन्दी में संस्कृत के शब्द अधिक आते है और उर्दू में अरबी फारसी के।"।

इस प्रकार इस समय में ये दो प्रधान शैलियां चल पड़ी थी और अनेक दिशाओं में हिन्दी के लिए बड़े २ आदमी प्रयत्न कर रहे थे। पंजाब में इसी काल में नवीन चन्द्रराय नामक बंगाली सज्जन और श्रीराम किलोरी नामक आर्य समाज प्रचारक भी हिन्दी प्रचार का कार्य कर रहे थे। पर हिन्दी को विशेष उत्तेजना इससे आगे भारतेन्दु युग में ही मिलती है, जब कि हिन्दी साहित्य बहुमुखी हो अनेक धाराओं में प्रवाहित होता है।

प्रश्न--हिन्दी प्रचार में ईसाई पादरियों का क्या हाथ रहा?

उत्तर--अंग्रेज वणिकों और शासकों के साथ कुछ ईसाई धर्म प्रचारक भी इनके साथ यहां आये थे। उन्हें धर्म प्रचार के लिए राज्य से सहायता भी मिलती थी। उनके लिए क्षेत्र भी यहां खूब फलदार था। यहां की अधिकांश जनता अत्यन्त पिछड़ी हुई, गरीब, अमीरों और अफसर लोगों के द्वारा से दलित और निरक्षर थी। अछूत थे, जो हिन्दुओं के सामाजिक अत्याचारों से पीड़ित थे। और फिर समस्त भारतीय समाज की अवस्था डावांडोल थी। फलतः वे बड़ी आसानी से धर्म परिवर्तन द्वारा इस अभ्युष्ट लोगों को अपने धर्म में मिला सकते थे। उन्होंने कार्य प्रारंभ किया, स्थान स्थान पर, देश में [illegible] और अन्य प्रचार का संस्थान, शिक्षा केन्द्र आदि स्थापित हुए। उनके सामने एक बड़ा प्रश्न था भाषा का कौनसी भाषा में प्रचार करें इन्होंने सब साथ विचार कर पहले तो धार्मिक जनता की परिचित भाषा या भाषा अपनाई और इसमें अपना प्रचार-साहित्य खूब तैयार किया। इनका साहित्य दो प्रकार का होता था, एक से अपने धर्म [illegible] के लिए तथा और इसरे साधारण के यानी अपने धर्म की बातें और अपने [illegible] पर भाषा की दृष्टि से [illegible] पर हिन्दी के प्रचार का [illegible] के अनुसार परिष्कार करने

इतविच सी। प्रतीत होते हैं। गद्य में दुनियां भर के विषय लिखने के प्रयत्न किये गए—उनमें, काव्य, नाटक, कृषि, कला, मनोविज्ञान, अर्थ शास्त्र, राजनीति, इतिहास, विज्ञान आदि सब हैं। भारतेन्दु जैसे विशिष्ट व्यक्तियों ने मौलिक भी लिखा और अन्य बंगला, संस्कृत आदि से अनुवाद भी किया। अधिकांशों ने अनुवाद ही किए। अनेक समाचार पत्र निकले—इनमें समाचारों के साथ छोटे मोटे विभिन्न विषयों पर निबन्ध भी होते थे, जो इतने सुन्दर होते थे कि, विद्वानों की राय है, उतने बाद के समय में भी नहीं लिखे गये। इस समय बंगला और अंगरेज़ी के ढंग पर गज़लें लिखी गईं, उपन्यासों की तो परम्परा ही चल पड़ी। अन्य भाषाओं से भी इनके अनुवाद हुए। गद्य का रूप निखर कर वह अब सभी विषयों के लिखने में समर्थ होती जा रही थी। किन्तु कविता इस काल में भी प्रधानतया ब्रजभाषा में ही हुई। कारण खड़ी बोली में उस समय इतनी स्वच्छता सामर्थ्य नहीं आई थी कि वह कविता के क्षेत्र में भी उतनी सफलता से सूक्ष्म भावों की अभिव्यक्ति में सफल हो सके—उसको छंद के ढांचे में बिठाना बड़ा कठिन था। पर फिर भी खड़ी बोली में पद्य रचना प्रारम्भ हो गई थी। कवि लोग संस्कृत छन्दों में संस्कृत के व्याकरण के आधार पर समासों से काम लेकर हिन्दी गद्य को फिट बैठा देते थे। इस प्रकार गद्य और पद्य की भाषा एक करने के लिए प्रयत्न हो रहे थे। सारांश, भारतेन्दु के समय की साहित्यिक प्रगति को हम निम्न शीर्षकों में बाँट सकते हैं,—

१—विचार-वहन खड़ी बोली के रूप को अनेक शैलियों की दलदल में से निकाल कर, उन शैलियों के निष्कर्षभूत आदर्श रूप में उसकी प्रतिष्ठा हुई। हिन्दी गद्य का एक साहित्यिक रूप स्थिर हुआ।

२—विषयानुकूल अनेक शैलियां निर्माण का प्रयास और विचार अर्थात् गम्भीर विषय के लिए गम्भीर संस्कृत गर्भित और सहज साधारण विषय के लिए व्यावहारिक बोलचाल की सरल शैली का प्रयोग करना आदि।

३—साहित्य के विभिन्न अंगों का [illegible] उपन्यास लिखे गये, कहानियां लिखी गईं [illegible] सामाजिक [illegible] निबन्ध [illegible] वैज्ञानिक [illegible] मौलिक [illegible] अनुवाद [illegible]

में गुजारे। इनका स्वास्थ्य भी खराब हो गया और अन्त में ३२ साल की ही आयु में आप का देहान्त हो गया।

इतने अल्पकाल में ही आपने हिन्दी की जो सेवा की वह अनुपम है। इन्होंने स्वयं साहित्य लिखा और औरों को प्रेरणा देकर लिखवाया। आ के आदर्श रूप की स्थापना की। हिन्दी साहित्य की वृद्धि के लिए सिर प्रयत्न किया। ये वस्तुतः युगपुरुष थे। अपने समय की प्रधान चालक श थे। इन्होंने बनारस से दैनिक, कवि वचन सुधा मासिक, हरिश्च मैगजीन, बाला बोधिनी पत्रिका निकाली। अनुवादों में सर्व प्रथम बंगला से विद्या सुन्दर नामक नाटक का अनुवाद किया। इसके पश्चात् आपने संस्कृ नाटकों का भी अनुवाद किया। स्वतन्त्र रचनाएं की। विविध विषयों पर लिखा। लेख, कविता, कहानी, नाटक सभी कुछ लिखे। नाटकों में इन्होंने पद्यानुवाद तो ब्रज में किया है पर अन्य सब खड़ी बोली गद्य में। खड़ी बोली में भी इन्होंने पद्य रचना की है।

इनकी भाषा आदर्श रूप थी, जिसमें संस्कृत प्रधान थी, पर फारसी का भी उचित समिश्रण था। मंजी हुई, परिष्कृत, साहित्यिक, व्यंग्य पूर्ण तेजो भाषा आप सामान्यतः लिखते थे। पर विषय के अनुसार ये अपनी शैली बदल देते थे। कटु आलोचनाओं के लिए आप तीखी फारसी-मिश्रित चुल्ल बरेदार भाषा लेते थे, वर्णनात्मक या अन्य ऐसे ही सुबोध विषय के लिए सरल सीधी प्रसाद-पूर्ण लिखते थे और गंभीर दार्शनिक विषयों पर आप परिष्कृत संस्कृतमय गंभीर भाषा में लिखते थे। आपको सभी शैलियों पर पूर्ण अधिकार था।

आप आचार्य थे, कवि थे, नाटककार थे, कहानीकार थे, सम्पादक थे, गद्य निर्माता थे और अपने संग्रह के सब से बड़ साहित्यिक सुधारक और नेता थे। इसने हिन्दी की भावना-आकांक्षा की प्रथम पुकार, संपन्न साम्राज्य और जिसका हमारे प्रति अपरिमित हिन्दी साहित्य में प्रथम हमारी की कहा थे आप हैं आप ने आलोचना के स्वतन्त्र थे और ने नवीनता के विरोधी इन हमारी का समन्वय अपनी रचनाओं में लिखता है। आपने आलोचना और नवीनता का

भट्ट की कैसा विनोदीपन नहीं है । भाषा संस्कृत गर्भित, [illegible] और संयत है ।

अम्बिकादत्त व्यास—ये संस्कृत के अद्वितीय पण्डित थे । इन्होंने [illegible] राज शिवप्रसाद नाम संस्कृत में शिवाजी का चरित-रूप आधुनिक ढंग [illegible] इतिहास लिखा है । ये आशुकवि थे और बचपन से ही सुन्दर कविता [illegible] थे । हिन्दी पर भी आपको पूरा अधिकार था । ये संस्कृत गर्भित, [illegible] वाली, छोटे २ वाक्य वाली संयत और विशद भाषा लिखते थे । हिन्दी [illegible] इन्होंने पहिले पीयूष प्रवाह नामक समाचार पत्र निकाला । ललिता नाटक [illegible] नामक नाटक लिखे । गद्य मीमांसा नामक भाषा पर एक विवेचनात्मक ग्रन्थ [illegible] लिखा । अवतार मीमांसा, मूर्तिपूजा आदि सनातन धर्म के ग्रन्थ लिखे ।

विषय के अनुरूप आप भी भाषा बदलते थे । आलोचना और तर्क [illegible] और गंभीर विवेचन की ओर । साधारण बोली में आप फारसी शब्दों को [illegible] लिखों और मुहावरों से सहायता लेते थे । अलंकारों का विधान करते [illegible] उदाहरण, "जिस लड़के को कुर्ते में खुजली तक लगाना नहीं आता [illegible] खाने से या हाथ धोना तक नहीं आता, उस लड़के के विरुद्ध [illegible] क्षेत्र के ऐसे कोमल हृदय में यूरोप और अमेरिका की सेनी की आती है ।"

बालमुकुन्द गुप्त ये भारतेन्दु के मित्र और हास्य के अनुपम [illegible] थे । इनके लिखे संतु के चिट्ठे प्रसिद्ध हास्य के ग्रन्थ हैं । इनकी [illegible] चटकदार, व्यंग्य पूर्ण, चुभती हुई मुहावरेदार होती थी । इन्होंने [illegible] और आनन्द मिश्र नामक दो पत्र भी निकाले थे ।

प्रताप—भारतेन्दु के चलाये हुए या दूसरी बार के गद्य के विषय [illegible] एक पत्रिका और लिखा ।

[illegible]

भिन्न २ लेखकों की भिन्न २ विशेषताओं के लिये शैलियों का विकास हो रहा था।

स्पष्ट ही इस सारी प्रगति के प्रधान संचालक द्विवेदी जी ही थे। इस युग की मुख्य प्रेरणा ये ही थे। इस काल के साहित्य का और उसमें उस काल में वर्तमान प्रवृत्तियों का वर्णन वस्तुतः द्विवेदी जी या उनकी पत्रिका सरस्वती के इतिहास का वर्णन है। उनका हिन्दी साहित्य और गद्य पर उस समय ऐसा ही सर्वव्यापी प्रभाव पड़ा था।

उनका युग गद्य का यौवन काल है, जब वह सर्वांग परिपुष्ट हो, खिले हुए परिमार्जित अभिनव मधुर रूप में उपस्थित होती है और उसका अपने पूर्ण सौन्दर्य को प्राप्त होने के पश्चात आगे चलकर अनेक भङ्गियों-शैलियों में विकास होता है।

प्रश्न—भारतेन्दु के पश्चात् के कुछ-एक प्रधान लेखकों का संक्षिप्त परिचय दो।

आ० महावीर प्रसाद द्विवेदी—जन्म काल १८६१। ये अपने समय के साहित्यिक युग पुरुष थे। इन्होंने इलाहाबाद से सरस्वती मासिक पत्रिका निकाल कर हिन्दी के प्रचार और उत्थान का प्रयत्न प्रारम्भ किया था और आजन्म उसे घाटे में भी चला कर निभाते रहे। द्विवेदी जी और उनकी पत्रिका का इतिहास वस्तुतः अपने काल का साहित्यिक इतिहास है। ये अपने काल की संचालक शक्ति थे। इनके प्रयत्न हिन्दी में—भाषा में और साहित्य में भी—विधान व्यवस्था की ओर रहे। इन्होंने छोटे २ व्याकरण विषयक लेख लिखे, अनेकों की भाषा में दोष निकाले, आलोचना की और लेखकों का शुद्ध परिमार्जित और व्याकरण-सिद्ध भाषा लिखने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही भाषा में कोमा पाई आदि विराम चिन्हों के प्रयोग की व्यवस्था की। इस रूप में ये हिन्दी गद्य के सर्व प्रमुख विधान निर्माता व्यवस्थापक ठहरते हैं।

ये कवि भी थे। इन्होंने ब्रज और खड़ी बोली में कविता लिखी। एक कुशल और आकर्षक निबन्ध-लेखक भी थे। इन्होंने आलू के घाटे भाट—विज्ञान से लेकर, भाषा साहित्य धर्म विषयों तक पर सुन्दर निबन्ध लिखे।

बदल जाती है। इनके उपन्यासों में भिन्न भिन्न प्रसंगों पर पात्र के अनुसार ही भाषा का प्रयोग किया है। कथोपकथन में, व्याख्यान में इन्होंने पात्रानुरूप ही भाषा शैली बदल दी है, जिससे पात्रों की भाषा-गत विशेषता स्पष्ट रहती है। आम तौर पर इनकी शैली संस्कृत, फारसी, अंग्रेज़ी और तद्भव शब्दों से युक्त भाषा में सरल, सुबोध और व्यंजना-पूर्ण होती थी। आप अपने समय के सर्वोत्कृष्ट उपन्यास और कहानी के लेखक थे।

पं० विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक——जन्म सं० १९४८ स्थान पंजाब। ये बहुत प्रारम्भ से कहानियां लिखते हैं। इनके कई संग्रह छप चुके हैं। ये आदर्श कहानीकार माने जाते हैं। इन्होंने अधिकतर सामाजिक कहानियां लिखी हैं। भाषा इन की परिमार्जित और सरल सुबोध होती है।

श्री सुदर्शन——जन्म १९५०। ये भी आदर्श कहानीकार हैं। इनकी उत्तम कहानियां हैं। इनके भी पात्र अधिकतर सामाजिक होते हैं। कुछ एक कहानियां इन्होंने राजनैतिक भी लिखी हैं। ये प्रकृष्ट गद्य लेखक हैं।

पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र——जन्म १९५८। इन्होंने जब साहित्य में कहानीकार और छोटे छोटे उपन्यास लिखने प्रारम्भ किये थे तो धूम मचा दी थी। कहानी लिखने की, वर्णन करने की एक नयी शैली लेकर आये थे। इनकी प्रारम्भिक रचनाओं में [illegible] था। ये कवि, कहानीकार, उपन्यासकार और नाटककार हैं। इनके साहित्य में अधिकतर इन्होंने सामाजिक कुरीतियों और [illegible] का या समाज के पतित [illegible] [illegible] इनकी [illegible] और [illegible] [illegible] साहित्य [illegible] [illegible] [illegible] इनकी भाषा [illegible] [illegible]

[illegible] ये काशी [illegible]

का सौभाग्य था कि उसको आप जैसे धुरंधर सेवक मिले। हिन्दी इनसे गर्वान्वित है।

डा० धीरेन्द्र वर्मा—ये इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में हैं। इन्होंने भाषा उसके साहित्य और भाषा विज्ञान के विषय में बड़े खोज पूर्ण ग्रन्थ लिखे हैं। भारतीय प्राचीन सभ्यता संस्कृति के इतिहास के विषय में भी इनकी गंभीर रिसर्च है। आपने प्राचीन भारत की सभ्यता और संस्कृति नाम का ग्रन्थ इस विषय में लिखा है।

इनके अतिरिक्त हिन्दी गद्य को अन्य असंख्य मार्मिक, शक्तिशाली लेखक मिले—जो अथक अनवरत परिश्रम करके हिन्दी के साहित्य में वृद्धि करते रहे। अब हिन्दी गद्य सर्वथा सम्पूर्ण और विकसित होकर राष्ट्र भाषा के पद पर आसीन है, यह सब इन्हीं भक्त सेवकों की भक्ति का फल है।

प्रश्न—आधुनिक काल के पद्य-साहित्य पर एक विशद नोट लिखो, जिसमें उसकी विशेष प्रवृत्तियों का पता लगे।

उत्तर—पूर्व-परम्परा से प्राप्त ब्रज-भाषा काव्य भारतेन्दु के काल तक चलता है। उसके विषय, उस समय भी वे ही शृंगार, धर्म, नीति, प्रकृति-वर्णन, वस्तुशिल्प वर्णन आदि रीति कालीन ही रहे। कृष्ण लीला के भी गीत गाये जाते थे। उनमें कुछ पूर्व राजा लक्ष्मण सिंह ने ब्रज भाषा में कालिदास के कई ग्रन्थांशों का पद्यबद्ध अनुवाद किया। उनसे भी पहिले सरदार सेवक आदि हाल के ही कवि हुए थे। किन्तु वे लोग प्राचीन परिपाटी का ही निर्वाह कर रहे थे। नवीनता या आधुनिकता उनमें नहीं थी। राजा लक्ष्मण सिंह ने तो भला अनुवाद ही किये थे, उनमें तो नवीनता का प्रश्न ही नहीं। ब्रज भाषा में नवीनता का अवतार भारतेन्दु से ही होता है। भारतेन्दु अपने समय के साहित्य की केन्द्रीय आत्मा थे, उनकी छाप और प्रभाव साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र में पड़े। ब्रज भाषा काव्य पर भी पड़ा। भारतेन्दु प्राचीनता के विरोधी नहीं थे, प्रत्युत उन्हें उसमें पर्याप्त अभिरुचि थी पर वे उसे नवीन समय और परिस्थिति के अनुरूप नवीन रूप में देखना चाहते थे। यही क्रम उनका ब्रज भाषा के प्रति भी था और उसमें प्रचलित काव्य पद्धति के प्रति भी था। उन्होंने उसको निबाहा

मजदूर, वकील बैरिस्टर और राजाओं जमींदारों तक ने इस आन्दोलन में भाग लिया। साहित्यिक भी भला कैसे बच सकता था? उसने सबसे आगे होकर स्वदेश और स्वराज्य के गान गाये। कहना नहीं होगा, इस विषय में नवीनता के कारण भी सर्व प्रथम भारतेन्दु ही हुए थे। अब खंत-धारा से बाहिर आने पर, सर्व प्रथम इन्होंने ही इस प्रकार का 'अन्तर्दृष्टि' मूलक राष्ट्रीय विचारों का काव्य लिखा, जिसमें स्पष्ट देश-प्रेम का विचार पाया है। भारतेन्दु केवल भावुक कवि ही नहीं थे, वे दूरदर्शी और स्वार्थ सुधारक भी थे। अतः विषयों की समस्या से लेकर वस्तुओं तक की उन्हें चिन्ता थी। इन सभी विषयों पर इन्होंने कविताएँ भी लिखी हैं। कवियों ने चोटें दीं, आत्मा को सूझी हुई, भ्रम में पड़ी हुई भारतीय जनता को चैतन्य करने का समय था, सो, इन सभी विषयों की अवतारणा उस समय की हिन्दी गद्य-भाषा में हुई, जिसके लिए हम पर वे ऋणवान हैं। भारतेन्दु के प्रभाव में अनेक ऐसे कवि हुए, जिन्होंने इस प्रकार की राष्ट्रीय कविताएँ दीं। यही बात्रा, क्योंकि इस समय कविता के लिए उपयुक्त समस्या आना था, इसलिए समस्या में ही सुधार करना पड़ा बहुत दिनों तक। समस्या पूर्ति में इस समय सभी विषयों पर कविताएँ हुईं। इसके साथ ही साथ देश का [illegible] हुआ कांग्रेस और इसके सम्बन्ध का भी वर्णन हुआ। किन्तु यह [illegible] समस्याओं और कवियों से आगे बढ़ नहीं हुआ बल्कि [illegible] हुआ। अवकाश की महत्ता भी यह है, [illegible] था। प्रधानता इस समय [illegible] था, जिसके लिए कवि विशेष उपयुक्त न होना [illegible] इस [illegible] के [illegible] अब और अधिकांश में काम [illegible] कविता में से बाद करना कम होता [illegible] नहीं उपयुक्त होता है, आत्मार्थिक अवश्यकता का ज्ञान [illegible] भारत में इस [illegible] हो ही है [illegible] हृदय का [illegible] है। [illegible]

मात्रिक छन्दों के अनेक नवीन रूपों का भी चलन हुआ। हिन्दी में गजलें भी लिखी गईं। प्रकृति वर्णन भी हुआ। पर प्रकृति को इस समय के ब्रज भाषा के कवियों ने भी उसके उद्दीपन विभाव के रूप में, केवल जड़ रूप में ही देखा, उसको सजीव नहीं देखा, जैसा कि बाद में प्रसाद, पन्त, निराला आदि ने। उन्होंने तो उसी प्राचीन ढर्रे बंधे रूप में, उसके स्थूल रूपों का सुन्दर और भव्य चित्र उतारा है। पर उसको स्वतन्त्र शक्तिमान का उसकी अनुभूति का अनुभव नहीं किया, जैसा कि बाद में प्रचलित प्रकृतिवाद में हुआ। उन लोगों ने प्रकृति को रसों की सहायिका उद्दीपन रूप में ही देखा, स्वतंत्र रूप में नहीं।

मुख्य मुख्य विशेषतायें ब्रजभाषा काव्य की आधुनिक काल में ये ही हैं। इनमें से अनेक विशेषतायें उसी रूप में खड़ी बोली काव्य में भी रहीं, या खड़ी बोली की काव्य धारा आगे विविध विकासों में बढ़ कर अपेक्षा नवीन रूप धारण कर लेती है, और ब्रजभाषा में लिखना उसके काल में प्रायः बन्द हो जाता है। वैसे, ब्रजभाषा में लिखने वाले लोग आज भी हैं और वे लिखते भी हैं, पर ब्रजभाषा का युग वस्तुतः रीतिकाल में ही समाप्त हो जाता है। उसके पश्चात् तो उसमें जो कुछ साहित्य बनता है, वह विशेषतया इसलिए बनता है कि खड़ी बोली उस समय पद्य काव्य के उपयुक्त नहीं होती और वह बनता भी तभी तक है, जब तक कि खड़ी बोली उसका स्थान लेने के योग्य नहीं हो जाती। फिर बन्द हो जाता है।

पर साहित्य में स्थान न रहने पर भी ब्रजभाषा का मरत्व कम नहीं हो जाता। यह तो उसके स्वभाव भाषाओं की स्वाभाविक गति है। ब्रजभाषा में इतना सुन्दर, इतना अमूल्य और इतने परिमाण में साहित्य भण्डार है कि उसका अध्ययन ऐसे ही किया जाता रहेगा, जैसे अब किया जाता है। वह भारत की प्रमुख साहित्यिक भाषा रह चुकी है, जिसका काल लगभग सात आठ सौ साल रहा और जिसके क्षेत्र का भी विस्तार बहुत दूर तक रहा। इसलिए भारतीय भाषाओं में ब्रजभाषा भी अपना महत्व रखेगी और अपना स्थान रखेगी। जब तक भारत में कृष्ण का नाम रहेगा, तब तक ब्रजभाषा भी बनी ही रहेगी।

बीसवेरी में एक अगह आप कहते हैं-कहाँ कलकत्तानिवि ! केसव ! सोइ !

जगत जाहिं अनेक जगत कहि आरतवासी रोये।

इसी प्रकार अजभाषा पद्यों में, इन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन से सम्बद्ध, स्वदेश, स्वभाषा, स्वजाति, स्वराज्य स्वधर्म और स्वसंस्कृति, अछूत, स्त्री, गरीब, दीक्षित, आदि पर लिखा है। अंग्रेजों की, अंग्रेजों के राज्य की निन्दा करके अनेक भावों को जगाया है। इनके अतिरिक्त इन्होंने संस्कृत और बंगला के कई ग्रन्थों का भी अनुवाद किया है, जिनका एक भाग तो खड़ी बोली में अनूदित है और एक भाग अजभाषा में। इनके अतिरिक्त इन्होंने कुछ कथा और इतिवृत्तात्मक ऐतिहासिक कथाओं के भी ग्रन्थ लिखे हैं।

[illegible] इन्होंने अनेक कविता अजभाषा में की। पुराना पद्धतियों का परित्याग नहीं किया, [illegible]

इतनी परिमार्जित अवस्था बाद के काल में ही आती है, भारतेन्दु काल में तो काव्य में प्रधानता ब्रज की ही रहती है। अधिकतर काव्य उसी में लिखे जाते हैं, हां खड़ी बोली में पद्य रचना प्रारम्भ हो जाती है। पर उनकी सामर्थ्य में सन्देह बना रहता है इनके काल में।

भारतेन्दु ने एक ही रस में नहीं लिखा। इन्होंने शृंगार, वीर, हास्य और करुण सभी समान सफलतापूर्वक लिखे हैं।

प्रश्न—भारतेन्दु के समय में या उनके बाद के अन्य ब्रजभाषा के कवियों का संक्षेप में यथा संभव सोदाहरण परिचय दो।

उत्तर—भारतेन्दु काल के और उनके बाद के कवियों का संक्षेप में परिचय नीचे दिया है।

पं० प्रताप नारायण मिश्र—ये भारतेन्दु के परम भक्त मित्र थे। उनके प्रभाव में इन्होंने भी ब्रजभाषा में सुन्दर कविताएँ की हैं। कविताओं के विषय भारत दुर्दशा या अन्य ऐसे ही राष्ट्रीय विचारों के साथ कुछ गोरक्षा आदि भी रखे हैं। गोरक्षा, बुढ़ापा, हिन्दू, हिन्दी, हिन्दुस्तान, हरगंगा, तृप्यन्ताम् आदि इनकी ऐसी ही स्वतंत्र कविताएं हैं। इन्होंने हास्य रस भी सुन्दर सभ्यजनोचित लिखा है। ये अच्छे पढ़े लिखे संस्कृत के पण्डित थे।

प्रेमघन—इनका पूरा नाम पं० बदरीनारायण चौधरी प्रेमघन था। ये भी स्वदेश और स्वराज्य की भावना रखते थे, पर वह इतनी उग्र नहीं थी। ये विशेष विशेष महत्व पूर्ण अवसरों पर, स्वतंत्र वर्णनात्मक स्तुतिपरक कविताएं लिखते थे। इन्होंने दादा भाई नैरोजी के असेम्बली के मेम्बर होने पर, विक्टोरिया की हीरक-जुबिली पर सुन्दर कविताएं लिखी हैं। इन्होंने भारत सौभाग्य नामक नाटक भी लिखा था, जिसका कविता-भाग बहुत सरस माना जाता है। उदाहरण:—

> नवो भूमि भारत में महाभयंकर भारत।
> भए वीरवर सकल सुमर एक ही मंत्र गारत ॥आदि॥

ठाकुर जगमोहन सिंह—ये भी भारतेन्दु जी के सहयोगी थे और

ब्रजभाषा में लिखते थे। इनका प्रकृति वर्णन संस्कृत के ढंग का सजीव और अत्यन्त उत्कृष्ट माना जाता है।

अम्बिका दत्त व्यास—इनका वर्णन गद्य भाग में हो चुका है। इन्होंने ब्रजभाषा पद्य लिखे हैं।

पं० श्रीधर पाठक—इन्होंने ब्रजभाषा में प्रकृति वर्णन बहुत सुन्दर और समय किया है। इन्होंने हिमालय वर्णन, कश्मीर वर्णन और ऋतु विषयक प्रकृति काव्य लिखे हैं, जिन में प्रकृति की सजीव मूर्ति, आत्मा का वर्णन किया है। भारतोत्थान और भारत प्रशंसा नामक काव्य इनके देश-भक्ति के काव्य हैं। एक नमूना:—

अनगिन पर्वत शिखर चहुं दिसि देत दिखाई।
सिर परसत आकाश बचन पाताल गुहाई ॥(हिमालय वर्णन)

सत्यनारायण कवि रत्न—ये ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि थे। कृष्ण भक्त थे। इन्होंने उषा राम चरित और माधवमिलाप का ब्रजभाषा में अनुवाद किया था। उदाहरण—

सब ओर जिसे तिल देखत हैं। वह मोहनी मूरति भाए रही।
चहुं दाहिन दीठ दसा में दुरुस्त अनूप दिखाई रही। आदि।

वियोगी हरि—आप सच्चे वर्णनकार हैं पर आपने कविता करनी छोड़ दी है। इन्होंने ब्रजभाषा में और खड़ी बोली दोनों में सुन्दर [illegible]

[illegible]

लिखा है। एक कविता में नेता की रेल के इंजन से समता की है दिखों की दृष्टि से। आप कहते हैं दिखों की तरह उनका चढ़ाई के (आपत्ति में , नेता को (दिखों की तरह) पीछे की धमोली है उतराई पर आगे को धकेलती है। उदाहरण:

परसि सलिल तेरो सीतल है पौन जौन ॥
ताके मन्द मृदुल जगैयो ज्ञानप्यारी को ॥ आदि।

रामचन्द्र शुक्ल- ये हिंदी के प्रसिद्ध आचार्य थे, जो हिंदी के निर्माताओं में माने जाते हैं। इन्होंने बुद्ध-चरित नामक ग्रंथ भाषा लिखा है। इन्होंने इसमें करुण का सुन्दर चित्र खींचा है। इनका इस काव्य में ऐडविन का लाइट ऑफ एशिया था। इनका प्रकृति अद्भुत सुन्दर माना जाता है। उदाहरण:—

देखि परै सांवरे सलोने कहुँ गोरे मुख।
भृकुटी विशाल बक बरुनी बिछी है स्याम ॥ आदि

जगन्नाथ दास रत्नाकर—ये भारतेन्दु काल के थे और ब्रज में इतने भक्त थे कि सदैव उसी में कविता की। खड़ी बोली के आन्दो ये अग्रगामिन रहे। इनके ग्रन्थ हरिश्चन्द्र, गंगा लहरी, गंगावतरण उद्धव शतक हैं। इन्होंने शृंगार वीर भयानक, भक्ति आदि अनेक लिखा है और प्रकृति वर्णन भी सुन्दर किया है। उदाहरण:।

वीर अभिमन्यू की कृपाल कृपान बल।
सत्र असनी लौं चक्रव्यूह माहीं चमकी ॥

इन लोगों के अतिरिक्त गया प्रसाद शुक्ल सनेही, शंकर, पंडित नारायण चतुर्वेदी के नाम आते हैं, जिन्हों ने खड़ी बोली और ब्रज दोनों में कविता की हैं।

प्रश्न – खड़ी बोली के पद्य साहित्य पर एक ऐतिहासिक और विवेचनात्मक विवरण दो।

उत्तर—वैसे, सींचातानी कर के तो हम खड़ी बोली के पद्य-साहित्य इतिहास को बहुत दूर तक खींच कर ले जा सकते हैं। कबीर नुसरो की इसी भाषा का पूर्वरूप मानी जा सकती है। आधुनिक काल में पहिले।

या विकासों को अपने बृहत् साहित्य-गर्भ में समाये खड़ी बोली इस समय राष्ट्र भाषा के पद पर आसीन है। अभी यह सब उन्नति या विकास इन थोड़े से पिछले ५०–६० सालों में ही हुई है। अतः समझा जा सकता है कितनी तेजी से खड़ी बोली साहित्य उन्नति के पथ पर बढ़ा है। उसका समग्र दर्शन एक ही साँस में नहीं हो सकता। उसकी गति विभिन्न दशाओं के आधार पर, उसे यदि कई समयों में विभक्त कर लिया जाय, तभी उसकी बातों का समुचित और क्रमिक ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। इस लिए थोड़े में और स्पष्ट रूप में खड़ी बोली के पद्य साहित्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए उसे चार उत्थानों (या कालों) में बाँट लिया जाता है।

प्रथम उत्थान, भारतेन्दु काल से प्रारम्भ होकर तब तक चलता है जबतक साहित्य क्षेत्र में द्विवेदी जी का प्रभाव नहीं पड़ता। भारतेन्दु के पश्चात् कुछ दिन वे ही प्रवृत्तियाँ काव्य में चलती रहीं। यह प्रथम उत्थान का काल खड़ी बोली पद्य साहित्य का शैशव काल है। इस में खड़ी बोली में पद्य रचना प्रारम्भ हो जाती है और उस में अनेक विषयों पर फुटकल [illegible] कविताएं लिखी जाती हैं। पद्य में ब्रज भाषा की ही प्रधानता रहती है, इस काल में खड़ी बोली में पद्य रचना दो तीन रूपों में प्रचलित होती है। कुछ तो उर्दू की गज़लों आदि के ढंग के छन्दों में खड़ी बोली लिखी गई। भारतेन्दु ने स्वयं भी लिखी, उन के मित्रों ने भी लिखी। कुछ कविगण प्राचीन काव्य पद्धति के कवित्त सवैया दोहा आदि छन्दों में लिखी गई। कुछ व्याख्यान और कहानियों के ढंग में भी खड़ी बोली की रचना लिखी गई। [illegible] समय में व्याख्यान और [illegible] भी बढ़ा [illegible] भारतेन्दु [illegible] भी व्याख्यान और कहानियां लिखी और [illegible] में खड़ी बोली [illegible] था। [illegible] खड़ी बोली को [illegible] में स्थान [illegible] खड़ी बोली का [illegible] प्रवाह [illegible] हिन्दी [illegible] और [illegible] और

मुश्किल नहीं था। दूसरे, इस बोली में भावों के व्यक्त करने की ऐसी ही लम्बी चौड़ी और वर्णन के विषय भी असाधारण होते हैं। अतएव उस में कवि बोली के चलन में कोई बाधा नहीं पड़ी, पर काव्य के कठिन छन्द बन्धन में कड़ी बोली को उस समय अविकसित दशा में डालना कठिन था, साधारण विषयों के वर्णन में भी कठिनाई लगती थी। अतएव भारतेन्दु काल में कड़ी बोली पद्य रचना के उपयुक्त विषय वर्णनात्मक ही रहे। भारतेन्दु के पश्चात् स्वदेशी और स्वदेश के आन्दोलन के साथ (स्व भाषा) कड़ी बोली का भी आन्दोलन चलता है, जो आशातीत सफलता प्राप्त करता है।

द्विवेदी जी के काल को कड़ी बोली पद्य रचना का द्वितीय उत्थान काल कहा जा सकता है। इन दोनों ही कालों में समय का कोई विशेष अन्तर नहीं है। अन्तर केवल प्रवृत्तियों और विकास का है भारतेन्दु काल की अनेक प्रवृत्तियों में से जो समय के अनुकूल थीं, उनका द्विवेदी काल में पूर्ण विकास हुआ और जो समय के अनुकूल नहीं समझी गईं, उनका त्याग हुआ। इस काल की भाषा की ऐसी ही प्रवृत्ति थी, जो समय के अनुकूल होने से शीघ्र ही काव्य में विविध सामयिक विषयों का समावेश करने की प्रवृत्ति का उदय हुआ, और उनका सूत्र पात हुआ। इसी प्रकार अन्य प्रवृत्तियों का भी है। उन में से अनेक का द्विवेदी काल में पूर्ण विकास पाते हैं।

[illegible]

एक बार तो उस रचना या काव्य रचना की बाढ़ सी आ जाती है खड़ी बोली में, जब कि उसमें से विविध शाखाएँ फूटने लगती हैं। द्विवेदी काल की मुख्य प्रवृत्तियाँ यहीं समाप्त हो जाती हैं। अब आगे उसका (खड़ी बोली रचना का) विकास काल आता है, जब वह पूर्ण परिपुष्ट हो विविध शाखाओं और रूपों में विकसित होती है। द्विवेदी जी स्वयं प्राचीनता के परम भक्त थे, पर उसे ऐसा रूप देना चाहते थे, जो आधुनिक काल के अनुसार परिवर्तित हो, पर जिसका मूल आधार प्राचीन भारतीय ही हो। इस बात में वे भारतेन्दु जी के समान ही थे। वे नव विकास के भी विरोधी नहीं थे। पर उसे प्राचीनता से सर्वथा पृथक् या विरुद्ध नहीं चाहते थे। अतएव उनका काल तभी तक वस्तुतः रहता है जब तक हिन्दी काव्य पूर्ण परिपुष्ट हो विकसित नहीं होने लगता। उनका उद्देश्य भी हिन्दी साहित्य को समर्थ परिपुष्ट और व्यवस्थित करने का ही था, जो उनके प्रभाव काल में पूर्णतया सिद्ध हुआ। वैसे तो हिन्दी के सौभाग्य से वे बहुत दिनों जीवित रहे और अपने प्रयत्नों को फलता देखकर सन्तोष प्राप्त करते रहे, पर उनका कार्य-काल वस्तुतः तभी समाप्त हो जाता है, जब खड़ी बोली का रूप स्थिर तथा स्थिर हो जाता है और उसका साहित्य या काव्य पुष्ट हो जाता है। उनके काल में भी काव्य शैली अधिकतर वर्णनात्मक ही रही, विविध ऐतिहासिक या धार्मिक पौराणिक कथानकों का खड़ी बोली पद्यों में वर्णन हुआ। प्रबन्ध काव्य या कथा काव्यों में बीच २ में ऐसे स्थल भी अवश्य हैं जो उत्तम भाव प्रधान कविता बनी है, पर स्वतन्त्र भाव तत्व को लेकर कविता नहीं हुई, जैसा कि बाद के काल में अंग्रेजी की लीरिक कविता के ढंग पर हुआ। द्विवेदी काल वस्तुतः हिन्दी काव्य में, व्यवस्था और परिपोषण का काल है, जिसमें प्राचीन रूढ़ियों को आधुनिक रूप देकर या व्यर्थताको छोड़कर उनको निभाने का प्रयत्न किया गया है। इस काल के अनन्तर ही नवीन काल या विकास काल प्रारम्भ होता है, जिसमें हिन्दी काव्य शैलियों विकास के साथ २ विषयों में भी परिवर्तन होता है और समाज के और काव्य के दृष्टिकोण में भी भारी अन्तर आता है। यह द्विवेदी काल का उत्तर काल या तृतीय उत्थान कहा जा सकता है।

का ग्रहण होता है, भाव व्यंजना की विधि बदलती है और काव्य रचना के सिद्धान्त भी बदलते हैं। कवि का दृष्टिकोण भी बदलता है। अब उसे आत्मा या परमात्मा की अनुभूति में, या बड़े २ ऐतिहासिक व्यक्तियों के वर्णन में रुचि नहीं है। अब वह साधारण और प्राकृत पीड़ित जन के दर्शन की ओर ध्यान देता है। व्यक्ति का उसके लिए विशेष महत्व हो जाता है। व्यक्तिगत मन की भावनाओं का चित्रण उसके लिए अधिक सरल होता है। शृंगार का स्थान करुणा और भक्ति का स्थान मानव प्रेम ले लेता है। कवि एक ओर रहस्यवाद के अनुसरण में कल्पनालोक या छायालोक की भी सैर करता है और दूसरी ओर नई श्री के प्रभाव में वस्तुवादी बनता है। राजनीति और समाज के इस उथल पुथल और संघर्ष के युग में हिन्दी साहित्य भी विविध शैलियों में से और विचारधाराओं में से निकलता हुआ अपने इस समय का रूप धारण करता है। अभी यह विकास काल ही चल रहा है और अब तक इसमें रहस्यवाद, छायावाद, वस्तुवाद, हालावाद, भावावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद आदि अनेक वाद आ चुके हैं। इस विकास की प्रक्रिया में आगे क्या परिवर्तन होगा, यह कहना तो कठिन है, पर विषय और दृष्टिकोण के विचार से स्वतन्त्रता प्राप्ति के साथ, पुराना आधुनिक काल समाप्त हो जाता है और नवीन काल या स्वतन्त्रता-काल प्रारम्भ हो जाता है।

हिन्दी का नया बीसवीं शती साहित्य या काव्य साहित्य इस समय बहुत बड़ा हुआ है। जिसकी अवनति और रूढ़ि का कोई पारावार नहीं है, जिसमें से अनेक सरिताएँ, सागर निकल रहे हैं और छोटे मोटे प्रवाहों का तो अन्त ही नहीं है। आगे भी प्रवाह किधर बहता है और कह सकता है!

प्रश्न—बच्चन से समकालीन आधुनिक काल के अन्य बीसवीं शती साहित्य की प्रवृत्तियों का वर्णन करो।

उत्तर आधुनिक काल या आधुनिक काल के अन्य बीसवीं शती साहित्य में निम्न लिखित [illegible]

[illegible]

१६ प्रकृति वर्णन में विशेषता आती है, प्रकृति को कवि जड़ मूक नहीं समझता। प्रत्युत, अब वह उसके स्थूल सौन्दर्य में निहित आन्तरिक चैतन्य शक्ति का भी दर्शन करके विमुग्ध होता है। प्रकृति उसके लिये अब स्वतंत्र विषय बन जाती है।

१३. संस्कृत, बंगला, मराठी, गुजराती, फ्रेंच, अंग्रेजी आदि भाषाओं के काव्यों का अनुवाद भी होता है और मौलिक रचना भी होती है।

१४ काव्य कला की संस्कृत अंग्रेजी आदि प्रमुख भाषाओं के साहित्य के आधार पर वर्तमान आधुनिक वैज्ञानिक ढंग में व्याख्या आलोचना विवेचन आदि होते हैं।

आदि आदि इस पद्य साहित्य की मुख्य विशेषताएं हैं।

प्रश्न हिन्दी के आधुनिक पद्य साहित्य में या काव्य साहित्य में अभिव्यंजनावाद, रहस्यवाद, छायावाद आदि वादों का संक्षेप में परिचय दो।

उत्तर—इन वादों के विकास में गांधी जी और रवीन्द्र जैसे महापुरुषों का विशेष प्रभाव पड़ा है। गांधीजी कर्मठ व्यक्तिवादी या यथार्थवादी होते हुए भी एक महान रहस्यवादी थे। यह उनकी गीता की आध्यात्मपरक व्याख्या से स्पष्ट हो जाता है। उनका समस्त विशाल कार्यकलाप एक रहस्यमय आन्तरिक प्रेरणा के इंगित पर होता था। इसे वे स्वीकार भी करते थे। और रवीन्द्र ने तो अंग्रेजी कविता में प्रकाशित हो उसी शैली में गीतांजलि आदि की रचना की थी। नोबल पुरस्कार मिलने के पश्चात् तो उनकी शैली का मूल्य ही अधिक हुआ। फलतः इन दोनों ही महान् व्यक्तियों के प्रभाव से स्वतन्त्र हिन्दी में भी रहस्यवाद और छायावाद का जन्म होता है

छायावाद रहस्यवाद - [illegible]

कुछ ही भेद है। छायावाद में कवि अपनी आत्मा के ही प्रतीक या छाया की अनुभूति करता है और रहस्यवाद में कवि जगत् में अनन्त परमात्मतत्त्व को छाया या प्रतीक देखता है। छाया या प्रतीक का दोनों दर्शन करते हैं, अनुभूति का प्रकार भी समान है दोनों में, अन्तर केवल विषय (आत्मा और परमात्मा) के अनुसार पड़ता है। छायावादी सान्त (अपनी आत्मा) की अनुभूति करता है, दूसरा अनन्त की।

इन दोनों ही रूपों में भगवान् की उपासना भारत में अत्यन्त प्राचीन काल से चली आती है। ज्ञानोपासना में एक ही ब्रह्म की सर्वत्र चर अचर जगत् में अनुभूति की जाती है और भक्ति मार्ग में अनन्त की राम कृष्ण रूप में सान्त कल्पना कर (अपनी आत्मा की दशा के अनुकूल) उसकी अनुभूति की जाती है। अतएव भक्ति मार्ग को प्रतीकोपासना भी कहा जाता है। उपनिषदों में ऐसे वर्णन बहुत मिलेंगे, जिन्हें हम निस्संकोच रहस्यवाद और छायावाद की परिधि में ला सकते हैं। अतएव यह कहना कि इन वादों का परिचय अंग्रेज़ों से ही मिला, गलत है, हाँ आधुनिक युग में चलन इनका अंग्रेज़ों के अनुकरण पर हुआ और इनको शैली आदि को भी आधुनिक रूप में कल्पना अंग्रेज़ी कविता के प्रभाव में हुई। परन्तु इस प्रकार की वर्णन पद्धति भारतीय साहित्य में प्रारम्भ से चली आई है। कबीर और जायसी के साहित्यों में बहुत छायावाद और रहस्यवाद मिलता है। प्रसाद जी पर तो निर्विवाद रूप से कबीर और उपनिषदों के रहस्य भाव का प्रभाव पड़ा था। इस प्रकार, ये दोनों शैलियाँ आधुनिक रूप में अंग्रेज़ों से प्राप्त होने पर भी, रूप भेद से भारत के साहित्य में प्रथमतः विद्यमान् थीं।

वस्तुवाद या यथार्थवाद वस्तु स्थिति के वर्णन से होता है। कवि कल्पना को उड़ानें भरकर स्वप्नलोक में विचरण नहीं करता, अपितु इसी दुनिया की बात करता है। दुनिया के केवल आनन्द ही का वर्णन नहीं करता, अपितु उसके दुःख आपत्तियों का भी वह वर्णन करता है, जो जीवन में अधिक हैं। यह वस्तु स्थिति के वर्णन करने की शैली को यथार्थ-वाद कहते हैं। इसमें कवि का आधार निरी कल्पना न होकर जीवन के कठोर सत्य होते हैं।

के लिए प्रगति (मार्क्स) का बिगुल फूंकता है। वह वर्तमान संसार व्यवस्था, जिसमें ऊँच नीच का भेद मिटकर समानता नहीं आ सकती, में कोई परिवर्तन संभव नहीं समझता। अतएव उसका ध्वंस ही इलाज समझता है। पश्चात भविष्य के सुख संसार का निर्माण करना चाहता है, जिसमें निर्धन मजदूरों की आवाज प्रबल होगी और कोई ऊँचा नहीं होगा, सब समान सुखी या दुःखी होंगे। स्पष्ट ही साहित्य में यह धारा राजनीति में समाजवादी विचारों के फलस्वरूप चली। इसमें जहां उग्रता या क्रांति की मात्रा अधिक है वहां और भी अधिक वाम पक्षीय (Leftist) कम्यूनिस्टों का प्रभाव मानिये। वहां कवि संसार में आग लगाकर साम्यवाद के आधार पर नव निर्माण करने के सिवाय और कोई मार्ग नहीं देखता। वह उसी में शिव का मंगल देखता है।

इन्हीं के साथ एक और वाद भी चलता है जिसे कलावाद कह सकते हैं। महादेवी वर्मा का साहित्य इसका अच्छा उदाहरण है। इस वाद में कवि का ध्यान अधिक करुण रस में ही आनन्द पाता है। वह संसार में सर्वत्र करुणा ही करुणा देखता है और उसी की अनुभूति में उसका आनन्द मिलता है। संस्कृत में ऐसे कवि अवभूति थे, जो करुणा का हीरस मानते थे। इनका मत था करुण ही एक रस शृंगार आदि विविध रसों का रूप ग्रहण करता है, जैसे एक ही जल विविध फलों के गंधों में विविध रूपों का ग्रहण कर लेता है। हिन्दी में यह वाद या प्रवृत्ति चंद्रमा के अनुकरण पर ही आया है पर यह सिद्धान्त बड़ा पुराना। बौद्ध सिद्धान्त भी संसार में दुःख ही अधिक मानता है सुखको दुःख का अभाव माना जाता है। वेदान्त में भी दुःख बाद को एवादा सिद्धान्त माना है हिन्दी काव्यमें भी ऐसा वाद चला, जिसने कविता में करुण का [illegible] और उसका [illegible]

घड़ा बनाने का कवि

[illegible]

परिशीलन से मिली थी, जिसके ये पण्डित थे और जिसमें संस्कृत वृत्त प्रणाली का अधिक उपयोग हुआ है। द्विवेदी जी आचार्य पहिले थे। कवि पीछे। अतएव इनकी कविताओं में भाषा-परिष्कार और काव्य-चातुर्य अधिक है और कवित्व अपेक्षाकृत कम है। इनकी कविताएं काव्य-मंजूषा और सुमन नामक दो संग्रह ग्रन्थों में संग्रहीत मिलती हैं। एक उदाहरण—

सूर्यवान मंजुल शैया पर पहिले निशा बिताता था।
सुयश और मंगल गीतों से प्रात जगाया जाता था। आदि।

मैथिली शरण गुप्त—इनका कविता काल १९१३ में सरस्वती में प्रकाशन से प्रारम्भ होता है। द्विवेदी जी की प्रेरणा और उत्साह से इनकी अधिक से अधिक और सुन्दर से सुन्दर रचनाएं निकलने लगीं। इन्होंने कई खण्ड काव्य, छोटे प्रबन्ध काव्य और महाकाव्य लिखे हैं। इनकी प्रसिद्धि का कारण इनका भारत भारती नामक काव्य हुआ था जिसमें भारत की या हिन्दुओं की भूत और वर्तमान अवस्था का करुणोद्वेजक अन्तर दिखाया गया है। इसी के आधार पर इन्हें राष्ट्रीय कवि की भी उपाधि मिली है। इन पर गांधी जी का विशेष प्रभाव पड़ा था और ये उनके अनन्य भक्त हैं। इन्होंने रंग में भंग, जयद्रथ वध, विकट भट, पलासी का युद्ध, गुरुकुल, किसान, पंचवटी, यशोधरा आदि काव्य और खण्डकाव्य लिखे हैं। इनका अतिरिक्त साकेत नामक महाकाव्य भी लिखा है, जिसमें राम कथानक का चित्रण है। रामचरितमानस से विशेषता यह है कि इन्होंने लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला और भरत की पत्नी का विशेष विस्तृत और सजीव वर्णन किया है। राम चरित्र लिखने वाले अन्य सब लेखकों ने इनकी ओर विशेष ध्यान नहीं दिया था। इनके अतिरिक्त इन्होंने अनघ, तिलोत्तमा, चन्द्रहास नामक तीन रूपक काव्य और कुछ रहस्यपूर्ण गीत भी लिखे हैं। आजकल ये चिरगांव झांसी में शान्ति में अपना साधना में निरत हैं। उदाहरण—

अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।
आंचल में है दूध और आंखों में पानी॥

नाथूराम शंकर—ये अज भाषा और खड़ी बोली में लिखते थे।

ये जितने कवि थे, उतने ही भाषा और काव्य के मर्मज्ञ आचार्य भी थे। इन्होंने एक बोलचाल नामक ग्रन्थ भी लिखा था, जिसमें खड़ी बोली में प्रचलित समस्त मुहावरों और लोकोक्तियों का इन्होंने खड़ी बोली पद्यों में प्रयोग किया है। उदाहरण—

दिवस का अवसान समीप था गगन था कुछ लोहित हो चला।
तरु-शिखा पर थी अब राजती कमलिनी-कुल-वल्लभ की प्रभा॥

सियाराम शरण गुप्त—जन्म १९५७ वि०। ये श्री मैथिलीशरण जी के छोटे भाई हैं। स्पष्ट ही इनको अपने बड़े भाई और आचार्य द्विवेदी जी से पर्याप्त प्रो साहस नेतृत्व मिला। इन्होंने अत्यन्त सुन्दर फुटकल कविताएँ लिखी हैं, जिनका संग्रह आर्द्रा, दूर्वादल और विषाद नामक संग्रहों में हुआ है। इनके अतिरिक्त अनाथ, मौर्य विजय नामक छोटे काव्य भी लिखे हैं। उदाहरण—

मैंने हुआ विरव भर मेरा, हाय कहां अब जाऊं मैं? आदि।

पं० माखनलाल चतुर्वेदी—ये १९४१ वि० में जन्मे थे, और अभी कलकत्ता के विशाल भारत मासिक का सम्पादन कर रहे हैं। ये सक्रिय राष्ट्रवादी हैं। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में इन्होंने पूरा भाग लिया था। माधवराव सप्रे के सहयोग में एक कर्मवीर नामक पत्र भी निकाला था। बलिदान, उन्मूलित वृक्ष, सिपाही आदि अनेक इनकी उच्चकोटि की राष्ट्रीय रचनाएं हैं। ये कवि होने के साथ सफल सम्पादक भी हैं। उदाहरण—

अजय रूप धर कर आये हो, कवि कह तू या नाम कहूँ।
रमण कहूँ या रमणी कह तू, रमा कहूँ या राम कहूँ॥

रामनरेश त्रिपाठी—इन्होंने राष्ट्रीय कविताएं अधिक लिखी हैं। इनके अतिरिक्त मिलन, पथिक, स्वप्न नामक स्वतंत्र काव्य भी लिखे हैं। इनकी कविता सरस और सरल है। उदाहरण—

मैं ढूंढता तुझे था जब कुंज और वन में।
तू खोजता मुझे था तब दीन के सदन में॥ आदि।

उत्तर—द्विवेदी जी के काल में, खड़ी बोली पद्य में रचना तो बहुत होने लगी थी, पर उसमें इति-वृत्तात्मकता (वर्णन शैली) अधिक थी। कवि भाषा को शुद्ध परिमार्जित रूप में छन्द में बिठा कर अपने को कृत कृत्य समझने लगा था, भाव पक्ष कमजोर और ओढ़ा जाता था, अधिक किया कवि की भाषा की रहती थी। कुल स्वरूप लोग खड़ी बोली की अधिकांश कविताओं को कोरी तुक-बन्दी मात्र मानने लगे थे। काव्य के विकास का इस प्रकार अवरोध सा हो जाने पर, प्राचीन प्रचलित काव्य-पद्धति से असन्तुष्ट होकर उसकी प्रतिक्रिया-स्वरूप बंगला और अंग्रेजी के अनुकरण पर काव्य में नवीन कई शैलियों का विकास होता है, जो छायावाद आदि नामों से प्रसिद्ध हुईं। इस पद्धति के कवियों में सर्व प्रथम बा० जय शंकर प्रसाद जी का नाम आता है।

बा० जय शंकर प्रसाद—छायावाद और रहस्यवाद के ये सर्वप्रथम कवि माने जाते हैं, जिनका आदर्श आगे के अनेक कवियों ने ग्रहण किया। इनका काल १९४६—१९९२ है। ये काशी में रहते थे। बचपन में ही पिता का स्वर्गवास हो जाने पर और घर का भार पड़ जाने के बाद भी आपने संस्कृत प्राकृत, फारसी अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया था। ये प्रारंभ से भावुक और कवि थे। प्राचीन भारतीय साहित्य देखने और अनेक आपत्तियों को झेलने से इनका आध्यात्मिक विश्वास जागृत हो गई थी। अतएव इनकी रचनाओं में भी आध्यात्मिक रहस्य वाद का आभास ही अधिक मिलता है। इन्होंने सब प्रथम खड़ी बोली में संस्कृत के ढंग पर अनुकाव्य कविता लिखी थी। इनकी रचनाएं काव्य कुसुम प्रेम पथिक आंसू चन्द्र गुप्त और

(illegible)

उत्तर—द्विवेदी जी के काल में, खड़ी बोली पद्य में रचना तो बहुत होने लगी थी, पर उसमें इति-वृत्तात्मकता (वर्णन शैली) अधिक थी। कवि भाषा को शुद्ध परिमार्जित रूप में छन्द में बिठा कर अपने को कृत कृत्य समझने लगा था, भाव पक्ष कमजोर और थोड़ा आता था, अधिक चिन्ता कवि को भाषा की रहती थी। फल स्वरूप लोग खड़ी बोली की अधिकांश कविताओं को कोरी तुक-बन्दी मात्र मानने लगे थे। काव्य के विकास का इस प्रकार अवरोध सा हो जाने पर, प्राचीन प्रचलित काव्य-पद्धति से असन्तुष्ट होकर उसकी प्रतिक्रिया-स्वरूप बंगला और अंग्रेजी के अनुकरण पर काव्य में नवीन कई शैलियों का विकास होता है, जो छायावाद आदि नामों से प्रसिद्ध हुईं। इस पद्धति के कवियों में सर्व प्रथम बा० जय शंकर प्रसाद जी का नाम आता है।

बा० जय शंकर प्रसाद—छाया और रहस्य वाद के ये सर्वप्रथम कवि माने जाते हैं, जिनका आदर्श आगे के नवीन कवियों ने ग्रहण किया। इनका काल १९२७—१९६५ है। ये काशी में रहते थे। बचपन में ही पिता की मृत्यु हो जाने पर और घर का भार पड़ जाने के बाद भी आपने संस्कृत प्राकृत, फारसी अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया था। ये प्रारंभ से भावुक और कवि थे। प्राचीन भारतीय साहित्य देखने और अनेक आपत्तियों को भोगने से इनकी आध्यात्मिक पिपासा जागृत हो गई थी। अतएव इनकी रचनाओं में भी आध्यात्मिक रहस्य वाद की मात्रा ही अधिक मिलती है। इन्होंने सर्व प्रथम खड़ी बोली में संस्कृत के ढंग पर अनुकान्त कविता लिखी थी। इनकी रचनाएं कानन कुसुम, प्रेम पथिक, सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य (नाटक) अजात शत्रु, स्कन्द गुप्त, (नाटक) तितली (उपन्यास) राज श्री आदि अनेक हैं। ये एक उत्तम कोटि के भावुक कवि होने के साथ साथ अच्छे नाटक कार और उपन्यास लेखक भी थे। उदाहरण —

भरा नैनों में मन में रूप, बिसुधि बुधियों का अमल अनूप। आदि।

सूर्य कान्त त्रिपाठी निराला- जन्म संवत् १९५६। स्थान उन्नाव जिला। इन्होंने भी छायावाद रहस्यवाद में लिखा है। अंग्रेजों के ढंग के गद्य गीत

आपने कुछ वर्णनात्मक काव्य रचनाएं लिखीं, वीर हम्मीर, कुछ वि चित्तौड़ और चित्तौड़ की चिता, इनकी ऐसी ही वर्णनात्मक शैली की रचनाएं हैं। इनके अतिरिक्त अंजलि, अभिशाप, चित्रोत्सव, अश्रु विशेष आदि नवीन शैली की भाव प्रधान रचनाएं लिखीं, जो मुख्यतः वाणी और प्रकृति वर्णन की कविताएं हैं। प्रकृति वर्णन इनका परम्प रिक और प्रकृति की नवीन अदृश्य छाया लिये है। उदाहरणः—

हृदय एक है उसमें कितनी ओर लगी है आग,
बने शान्त करने को लोचन अश्रु रहे हैं त्याग। आदि।

सुभद्राकुमारी चौहान—ये यद्यपि छाया वादी युग में आईं, किन्तु इसी काल की वस्तुवादी नवीन धारा की कवियित्री हैं। कविताओं में यथार्थ का सरल सुन्दर सरस और स्वाभाविक चित्रण हुआ इन्होंने अधिकतर राष्ट्रीय, वीर रस की, और वात्सल्य रस की कविता लिखी हैं। वीर रस की कविताएं इनकी जितनी ओजस्विनी हैं वात्सल्य और करुण रस की कविताएं इनकी उतनी ही मधुर और होती हैं। इनकी भी वर्णनात्मक और भावात्मक दोनों शैलियों में लिखी इनकी वीर रस की झांसी वाली रानी नामक कविता वर्णनात्मक है उदाहरण —

[illegible]